भारत सरकार को वित्त वर्ष 2019-20 के लिए अंतिम लाभांश भुगतान एवं वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए अंतरिम लाभांश भुगतान

वर्ष 2019-20 के लिए 9.55 करोड रूपये की अंतिम लाभांश भुगतान सूचना एवं वर्ष 2020-21 के लिए 6.93 करोड रूपये की अनंतिम लाभांश भुगतान सूचना श्री डी.वी. सदानंद गौड़ा जी, माननीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री जी को आज पीडीआईएल के निदेशक (वित्त) के द्वारा प्रदान की गयी । इस अवसर पर सचिव (उर्वरक), संयुक्त सचिव (उर्वरक) एवं पीडीआईएल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे ।

पीडीआईएल ने वर्ष 2019-20 में **133.01** करोड़ रुपए का उच्चतम परिचालन से राजस्व, **142.16** करोड़ रुपए की उच्चतम आय, **45.85** करोड़ रुपए का उच्चतम कर पूर्व लाभ एवं **31.83** करोड़ रुपए का उच्चतम कर पश्चात लाभ अर्जित कर अभी तक का ऐतिहासिक वित्तीय निष्पादन किया है ।

पीडीआईएल वर्तमान में एचयूआरएल की 3 वृहत परियोजनाओं, तालचेर परियोजनाओं के लिए पीएमसी सेवाएं और उर्वरक, तेल एवं गैस इत्यादि क्षेत्रों की विभिन्न अन्य परियोजनाओं के लिए परामर्श सेवाएं प्रदान कर रहा है।